सार-समाचार

101 महिलाएं तलवार से डांडिया करेंगी

कोटा, (निसं)। ब्राह्मण कल्याण परिषद द्वारा गरबा महोत्सव 26 सितंबर को सनाढ्य भवन महावीर नगर प्रथम में रखा गया है प्रथम बार एक सौ एक महिलाएं तलवार से डांडिया करेंगे एवं हर राउंड के प्रथम विजेता व प्रवेश पर कूपन के प्रथम विजेता को भी तलवार पुरस्कार स्वरूप भेंट की जाएगी माता दुर्गा की आराधना का महोत्सव ब्राह्मण कल्याण परिषद द्वारा छह अलग-अलग राउंड प्रथम राउंड पंद्रह वर्ष तक के बालक द्वितीय राउंड पंद्रह से पच्चीस वर्ष तक के बालक-बालिकाएं तृतीय राउंड महिला शक्ति का चतुर्थ राउंड पुरुष वर्ग का पंचम राउंड कपल वर्ग का होगा छठा कॉमन राउंड विजेता प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा प्रथम पुरस्कार तलवार एवं द्वितीय व तृतीय आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे कूपन की लॉटरी निकालकर प्रथम विजेता को भी तलवार देकर सम्मानित किया जाएगा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर तुलसी माता मंदिर पर बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई बैठक में ब्राह्मण कल्याण परिषद के संयोजक अनिल तिवारी शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, शहर महामंत्री नहुष व्यास, मनोज शर्मा, कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर शीला तिवारी, सहसंयोजक अनीता शर्मा, शीला तिवारी, माधवी शर्मा, बृजेश कांत शर्मा, श्याम मनोहर हरित, लोकेश गौतम, दिलीप आदित्य, एस.एन.शर्मा, राजेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, नवल शर्मा, विनीत बाजपेई, अनिल शर्मा, नरेंद्र शर्मा, अजय शर्मा, प्रमोद शर्मा, संजीव हरित, भारत उपाध्याय, गिरधर दाधीच, रेखा हरित, विजयलक्ष्मी शर्मा, प्रिया शर्मा, सुनीता शर्मा, अनामिका शर्मा आदि उपस्थित थे।

शुभ मुहूर्त में घट स्थापना हुई

छबड़ा (निसं)। शक्ति संचय के महापर्व शारदीय नवरात्रि की सोमवार को घटस्थापना के साथ शुरुआत हो गई। पर्व की शुरुआत के साथ ही एक तरफ यहां के तमाम चौक व चौराहों पर सजाए गए पांडालों में भक्तों ने माता रानी की प्रतिमाओं को विराजमान कराया है, वहीं गुगोर स्थित बिजासन माता मन्दिर सहित अन्य मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान भी शुरू हो गए हैं। माता के मंदिरों में पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। नवरात्रि महोत्सव के दौरान कई देवी भक्त पूरे श्रद्धा भाव के साथ अपने घरों में भी घटस्थापना कर माता रानी की नियमित आराधना, उपासना और साधना कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने माता की छोटी-छोटी प्रतिमाएं अपने घरों पर स्थापित की है। पर्व के मौके पर सोमवार को शहर के बाजारों में खासी चहल पहल देखी गई। लगातार दूसरे दिन भी लोग पूजन सामग्री और माता के श्रृंगार का सामान खरीदते हुए नजर आए। पर्व के दौरान यहां बडी संख्या में झांकियां सजाई गई हैं। शारदीय नवरात्रि में कई सालों बाद इस बार नवरात्रि 10 दिवसीय होने से शुभ संयोग बने हैं। झांकियों की तैयारियों को लेकर कई दिनों से समिति के कार्यकर्ता व उत्साही युवक सहयोग राशि एकत्रित कर मंच आदि बनाने की व्यवस्था कर रहे थे। झांकियों के लिए टेंट, साउंड और लाइटिंग की व्यवस्था भी की गई है। इन व्यवस्थाओं के चलते कई झांकियां बेहद आकर्षक अंदाज में नजर आ रही हैं।

शारदीय नवरात्रि महोत्सव शुरू

रावतभाटा, (निसं)। शारदीय नवरात्रि महोत्सव सोमवार को शुभ मुहुर्त में विभिन्न शक्तिपीठों समेत कई घरों में घट स्थापना के साथ षुरू हो गया। पहले ही दिन विभिन्न षक्तिपीठों पर भीड उमड पडी। गली-मोहल्लों में गरबा-डांडियों की खनक भी प्रारंभ हो गई है। शक्तिपीठों पर षक्ति की पूजा अर्चना में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्षेत्र में घरों में एंव मंदिरों पर विशेष पूजा-अर्चना कर नौ दिन चलने वाले व्रत का संकल्प कर व्रत प्रारंभ किए गए। नवरात्रा महोत्सव पर कई धार्मिक अनुश्ठान एंव रामलीलाओं का आयोजन शुरू हो गया। कालिका माताजी मंदिर, नाहरसिंह माताजी, जोगणिया माताजी मंदिर, झातंला माताजी मंदिर, आसावरा माताजी मंदिर, भंवर माताजी, एलवा माताजी, मरमी माताजी मंदिर में सोमवारसबह से ही बडी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया। कई लोगों ने विषेश पूजा अनुश्ठान करवाए। क्षेत्र के कई मंदिरो पर सुबह घट स्थापना हुई। क्षेत्र के कई मंदिरों पर मेले की शुरूआत के साथ ही चिकित्सा व्यवस्था अस्थायी पुलिस चौकी बेंगू क्षेत्र के जोगणिया माताजी, भंवार माताजी, नाहर सिंह माताजी, एलवा माताजी, मरमी माताजी में मेलों का आयोजन हो रहा है। रावतभाटा नगर व ग्रामीण अंचल के कई मंदिरों पर सुबह से ही आरती के समय लोग उमड पड़े। इनमें पैदल आने वालों की संख्या ज्यादा थी।

'जीएसटी दरों में कमी के प्रधानमंत्री के निर्णय का लाभ आम उपभोक्ता तक पहुंचाए व्यापारी वर्ग'

कोटा, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री से मदन दिलावर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरें कम करने के साथ ही जीएसटी की सिर्फ दो स्लैब रखते हुए आमजन को राहत दी है। केन्द्र सरकार द्वारा कम की गई जीएसटी दरों का लाभ आम उपभोक्ता तक पहुंचे यह हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने व्यापारी वर्ग का आव्हान किया कि जीएसटी दरों में कमी का लाभ आज से ही आम उपभोक्ता तक पहुंचाएं। दिलावर सोमवार को कर भवन में जीएसटी दरों में कमी का लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए जीएसटी बचत उत्सव के तहत आयोजित चर्चा में भाग ले रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी दरों में कमी कर आमजन को आर्थिक बचत का तोहफा दिया है। इस निर्णय का लाभ व्यापारी वर्ग को वस्तुएं सस्ती कर आमजन पहुंचाना होगा और व्यापारी वर्ग की यह प्राथमिक जिम्मेदारी है कि आज से ही नई दरों का लाभ अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचाएं। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि देश ने हाल ही में कई चुनौतियों का सामना किया है।

पूरे विश्व ने हमारी क्षमताओं को देखा है। देश के समक्ष मौजूद चुनौतियों

> ■ 'स्वदेशी अपनाने के प्रधानमंत्री के संदेश को आत्मसात करें, वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दें'

का मुकाबला करने एवं इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करने के लिए सरकार को पैसों की जरूरत होती है जो कि करों के माध्यम से मिलता है। ऐसे में जीएसटी दरों में कमी कर आमजन को राहत देने का प्रधानमंत्री का निर्णय एक साहसिक कदम है। दिलावर ने इस अवसर पर कहा कि हमें अपनी जरूरत की वस्तुएं दूसरे देश से नहीं मंगवा कर हमारे देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने का संकल्प लेना चाहिऐं। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाया कि स्वदेशी को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को अपनाते हुए सभी राष्ट्र को प्रथम मानकर स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें। उन्होंने व्यापारी वर्ग का आह्वान किया कि जीएसटी की दरों में की गई कमी का लाभ आम उपभोक्ताओं तक आज से ही पहुंचना शुरू करें।

कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि जीएसटी की दरों में कमी आज से लागू होने से पूरे देश में दिवाली के पहले ही खुशियां आई गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को गति देने और व्यापारियों के साथ ही आमजन को राहत देने के उद्देश्य से जीएसटी की दरों में कमी और दो ही स्लैब रखने का निर्णय लिया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि केंद्र सरकार के इस निर्णय का लाभ आमजन तक पहुंचाने में व्यापारी वर्ग का पूरा सहयोग मिलेगा।

उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया कि पुराने स्टॉक की वस्तुओं को भी आज से नई जीएसटी दरों के अनुसार बेचें ताकि उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री के इस महत्वपूर्ण फैसले का लाभ मिलें।

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि जीएसटी में सरलीकरण की व्यापारी वर्ग की काफी समय से चली आ रही मांग को मानते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी दरों में कमी करते हुए टैक्स स्लैब भी दो कर दी हैं। दैनिक उपभोग उपभोक्ता की दैनिक उपभोग की कई सारी वस्तुएं शून्य अथवा 5 प्रतिशत के स्लैब में रखी गई हैं। उन्होंने जीएसटी दरों में कमी के बारे में व्यापारियों को जागरूक करने एवं इसका लाभ अधिक से अधिक आम उपभोक्ता तक पहुंचाने के लिए सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से एफएमसीजी सेक्टर में वृद्धि होगी और बिक्री बढ़ेगी। भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने शहर के व्यापारीबंधुओं से आग्रह किया कि वह आज से कम दरों पर वस्तुएं बेचकर जनता को इसका पूरा लाभ पहुंचाएं। उन्होंने वाणिज्य कर विभाग को इस संबंध में एक हेल्पलाईन नंबर उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया। अतिरिक्त आयुक्त वाणिज्य कर विभाग, कोटा सुनीता डागा ने कहा कि जीएसटी की दरों में कमी श्कर सुधारश के क्षेत्र में एक बहुत बड़ा कदम है। इससे टैक्स का बोझ कम होगा, व्यापार बढ़ेगा और आम उपभोक्ता को भी राहत मिलेगी। संयुक्त आयुक्त, वाणिज्य कर विभाग, कोटा अनुपम शर्मा ने जीएसटी रिफॉर्म्स 2.0 पर दिए गए प्रस्तुतीकरण में बताया कि जीएसटी दरों में कमी एवं टैक्स लैब में बदलाव के केन्द्र सरकार के निर्णय से टैक्स प्रक्रिया का सरलीकरण हुआ है।

साथ ही, रोजमर्रा के उपभोग की अधिकतर वस्तुएं शून्य से 5 प्रतिशत के दायरे में आ गई हैं इसके अलावा दवाइयां भी शून्य से 5 प्रतिशत के दायरे में आ गई हैं। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में जीएसटी की दरों में कमी का लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के बारे में चर्चा के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

महाराजा अग्रसेन जयन्ती पर शोभायात्रा निकाली

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन कोटा के तत्वावधान में महाराजा श्री अग्रसेन की शोभायात्रा गीता भवन से शुरू हुई। चैयरमेन रामगोपाल अग्रवाल ने बताया कि शोभायात्रा में 18 घोड़ों पर सवार महाराजा अग्रसेन के राजकुमार के रूप में समाज के 18 युवक विराजमान थे। वहीं महाराजा अग्रसेन व माता माधवी की झांकियां भी बग्गी में सज-धजकर निकाली गई।

संस्था के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंघल व महामंत्री रमेश गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि विधायक सन्दीप शर्मा व मेला समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी, लव शर्मा, भाजपा नेता जगदीश जिंदल ने गीता भवन से शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर को रवाना किया। संदीप शर्मा ने महाराजा श्री अग्रसेन के बताए मार्ग पर चलने की सीख दी। प्रवक्ता संजय गोयल, युवा अध्यक्ष सुमित जैन, महामंत्री लोकेश गुप्ता ने बताया कि कर्मयोगी सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजाराम जैन के संयोजन में ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित विजय यात्रा 'भारत के लाल अग्रवाल' का संदेश देते हुए भारत माता की झांकी, राजा राम दरबार साथ में थी। 12 फीट ऊंचे व विशाल वीर हनुमानजी की झांकी भी चल रही थी। ढोल वादक दल और कच्छी घोड़ी नृत्य करते कलाकारों के समूह भी साथ थे। बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर हजारों की संख्या में अग्र महिला व पुरूष, युवा व युवतियां नाचते गाते चल रहे थे। जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत हुआ व जगह जगह आरती की गई।

घट स्थापना हुई, मां ज्वाला देवी की ज्योति के दर्शन शुरू

कोटा, (निसं)। कोटा में नवरात्रि के अवसर पर घट स्थापना आस्था के साथ की गई है। माता के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। मुहूर्त के अनुसार लोगों ने अपने घरों में घट स्थापना की। कोटा के प्रसिद्ध वैष्णो देवी ज्योति मंदिर पर नवरात्र पर सोमवार को घट स्थापना की गई।

साथ ही, मां चिंतपूर्णी एवं माँ ज्वाला देवी से लाई गई पवित्र ज्योतें भी मंदिर में स्थापित की गईं। भक्त नवरात्र के दौरान ज्योत के दर्शन कर सकेंगे। इस दौरान मंदिर की विद्युत सज्जा की गई है। इस दौरान दिन में माता का गुणगान किया गया। प्रबंधक सनमीत सिंह बंटी ने बताया कि प्रतिदिन माँ का भव्य श्रृंगार और महाआरती की जाएगी। मां को चांदी का छत्र अर्पित किया जाएगा। प्रतिदिन संध्या आरती के पश्चात भक्तों द्वारा फलाहारी प्रसाद सेवा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि 24 और 25 सितंबर को मंदिर द्वारा डांडिया महोत्सव सीजन 3 का आयोजन रात्रि 8.30 बजे से मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में कोटा से वैष्णो देवी आने-जाने की ट्रेन की 4 टिकटें, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार में 2-2 टिकटें तथा कई लकी ड्रा और अन्य आकर्षक उपहार रखे गए हैं। यह कार्यक्रम केवल महिलाओं के लिए हैं। जिसमें किसी भी आयु की महिलाएं भाग ले सकती हैं। 29 सितंबर को सातवें नवरात्रे की शाम माँ की भव्य महाआरती होगी, और 30 सितंबर को अष्टमी के दिन माँ को भक्तों द्वारा छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। जो संध्या आरती के पश्चात भक्तों में वितरित होंगे। 1 अक्टूबर को नवमी के दिन शाम 6 बजे से भंडारा आरंभ होगा।

सार-समाचार

मीना कर्मचारी संगठन के चुनाव संपन्न

छबड़ा (निसं)। मीना कर्मचारी संगठन के चुनाव मीना छात्रावास में सोमवार को समारोहपूर्वक सम्पन्न हुए। जिला अध्यक्ष परमानंद मीना व उपाध्यक्ष रामप्रताप (उच्चावद) ने बताया कि यहाँ सर्व सहमति से अशोक कुमार मीना (अध्यापक) को अध्यक्ष, अशोक कुमार मीना (रेल्वे) को उपाध्यक्ष, महामंत्री श्रीलाल मीना, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप मीना, संरक्षक बिट्ठलबाबू मीना, गणेश राम मीना, सलाहकार मुरारीलाल, सुनील मीना (पटवारी), सभाध्यक्ष जगदीश मीना, संयोजक ऋषभ मीना (रेल्वे), राजू मीना (वनविभाग), संगठन मंत्री लाखनसिंह, कैलाश मीना, प्रवक्ता जमनालाल मीना, राजेंद्र बृज नगर, प्रचार मंत्री विनोद टाटू, ओमप्रकाश मीना, उपसभाध्यक्ष श्रीकिशन मीना, बल्लू घट्टी (न्याय विभाग), सचिव ललित मीना(ग्रामसेवक), बनवारी मीना बनाए गए। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रभान मीना, लोकेश मीना, रामपाल मीना, श्याममनोहर मीना, राकेश मीना, नरेंद्र मीना सहित मीना उत्थान समिति के अध्यक्ष घांसी लाल ढिमरपुरा, संग्रामसिंह मीना, रामकरण मीना, सुरेश मीना, रामप्रताप मीना, अशोक मीना अटरु सहित सैकडों समाज के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।

शिक्षक एवं इंजीनियर सम्मान दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। कोटा सोशल वेलफेयर फोरम की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉली मदनानी, उपाध्यक्ष के.के.शर्मा तथा सचिव सुशील मेहता और अन्य कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में सितम्बर माह में मनाए गए शिक्षक दिवस तथा इंजीनियर दिवस के उपलक्ष्य में फोरम के उन सदस्यों, जिन्होंने शिक्षक और इंजीनियर के रूप में भावी पीढ़ी निर्माण और देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण कार्य में अपना महत्वपूर्ण और अमूल्य योगदान किया है उन सभी उपस्थित शिक्षक और इंजीनियर सदस्यों का माला और अंगवस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष डॉली मदनानी ने इस अवसर पर फोरम के उद्देश्यों और गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

डांडिया नाइट-25 का आयोजन

कोटा, (निसं)। मोदी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'डांडिया नाइट-25' का आयोजन 29 सितम्बर को मोदी कॉलेज कैंपस दादाबाड़ी में किया जायेगा। जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया संस्था के चेयरमैन सुशील मोदी, ग्रुप डाइरेक्टर राघव मोदी, एमआईएमटी के निदेशक डॉ.एन.के.जोशी, मोदी लॉ कॉलेज की प्राचार्य डॉ.क्षिप्रा गुप्ता, एमआईटी के प्राचार्य डॉ. विकास सोनी, एमपीएस प्राचार्य डॉ. नलिनी कुलश्रेष्ठ द्वारा डांडिया नाइट-25 के पोस्टर का विमोचन किया गया।

पदयात्रा का स्वागत

छबड़ा (निसं)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बारां से आए सामाजिक कार्यकर्ता भरत लाल सैनी अमावस्या के दिन आंकाखेड़ी हनुमान मंदिर (छीपाबडौद) में पूजा पाठ संपन्न कर ध्वज लेकर पदयात्रा के लिए निकले, जो यहां के मुख्य मार्गों से होती हुई गुगोर के बिजासन माता मंदिर पर पहुंच सम्पन्न हुई।

रानी सती का मंगल पाठ किया

छबड़ा (निसं)। अग्रवाल धर्मशाला में महिला मंडलों द्वारा अग्रसेन जयंती उपलक्ष में दादी रानी सती का मंगल पाठ किया गया। जिसमे बड़ी संख्या महिलाये मौजूद थी। अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष रेखा अग्रवाल व अग्रसेन महिला जागृति संगठन की अध्यक्ष मिथिलेश मंगल के नेतृत्व में धर्मशाला में अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में इंदौर की प्रसिद्ध पाठकर्ता स्वाति अग्रवाल की टीम द्वारा दादी रानी सती का मंगल पाठ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पाठ समापन के बाद आरती कर प्रसादी वितरण की गई।

नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री शगुन शर्मा का स्कूल में मेरा नाम प्रवीण शर्मा कर दिया है जबकि मेरा नाम प्रवीण कुमार शर्मा है। भविष्य में मुझे शगुन शर्मा पुत्री प्रवीण कुमार शर्मा के नाम से जाना जावे।

प्रवीण कुमार शर्मा, म.नं. 4-ब-19 विज्ञान नगर कोटा-5